केरल में तितिली की नई प्रजाति की खोज

हाल ही में केरल के अक्कुलम और [वेम्बनाड झीलों](#) के किनारे से एक तितिली उप-प्रजाति (**कैल्टोरिस ब्रोमस सदाशिवा**) की खोज की गई है।

//

खोज से संबंधित प्रमुख बिंदु:

- **परिचय:** यह लेपिडोप्टेरा (**पतंगे और तितलियाँ**) के **स्किपर तितिली परिवार** से संबंधित है।
  - यह [पश्चिमी घाट](#) और प्रायद्वीपीय भारत में **ब्रोमस स्विफ्ट** (कैल्टोरिस ब्रोमस) तितिली की **पहली प्रलेखित उप-प्रजाति** है।
- **तितिली प्रजातियों की संख्या:** कैल्टोरिस ब्रोमस सदाशिवा की खोज के साथ पश्चिमी घाट में **तितिली प्रजातियों की संख्या 336** तथा **स्किपर तितलियों की संख्या 83** हो गई है, जिसमें अंतिम स्किपर तितिली की खोज लगभग **75 वर्ष पूर्व** हुई थी।
- **कैल्टोरिस:** कैल्टोरिस, इंडो-ऑस्ट्रेलियाई वर्ग की 15 से अधिक प्रजातियाँ दक्षिण-पूर्व एशिया में पाई जाती हैं। कैल्टोरिस ब्रोमस उनमें से एक है तथा दो अन्य उप-प्रजातियाँ हैं कैल्टोरिस ब्रोमस ब्रोमस एवं कैल्टोरिस ब्रोमस यानुका।

वेम्बनाड झील के बारे में प्रमुख तथ्य:

- यह केरल की सबसे बड़ी एवं **भारत की सबसे लंबी झील** है।
- वेम्बनाड झील को **वेम्बनाड कयाल, वेम्बनाड कोल, पुन्नमदा झील (कुट्टनाड में) और कोच्चि झील (कोच्चि में)** के नाम से भी जाना जाता है।

- झील का स्रोत चार नदियाँ- **मीनाचिल, अचनकोविल, पंपा और मणमिला** हैं।
- यह एक संकीर्ण द्वीप द्वारा अरब सागर से अलग होती है तथा केरल में एक लोकप्रिय लेगून दरार (Backwater Stretch) का निर्माण करती है।
- वर्ष 2002 में इसे **रामसर अभिसमय द्वारा परिभाषित** अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व की आर्द्रभूमियों की सूची में शामिल किया गया था।
    - यह पश्चिम बंगाल में **सुंदरबन** के बाद भारत का **दूसरा सबसे बड़ा** रामसर स्थल है।

UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

प्रश्न. हाल ही में हमारे देश में पहली बार निम्नलिखित राज्यों में से किसने एक विशेष तितली को 'राज्य तितली' के रूप में घोषित किया है? (2016)

(a) अरुणाचल प्रदेश
(b) हिमाचल प्रदेश
(c) कर्नाटक
(d) महाराष्ट्र

उत्तर: (d)

व्याख्या:

- महाराष्ट्र 'स्टेट बटरफ्लाई' वाला देश का पहला राज्य बन गया है। इसने ब्लू मॉर्मन (पैपलियो पॉलीमनेस्टर) को राज्य ततिली घोषति कयिा है।
- यह आमतौर पर सदर्न बर्डवगि के नाम से जानी जाने वाली टाइराइड्स मनिोस के बाद भारत की दूसरी सबसे बड़ी ततिली है।
- यह केवल श्रीलंका, महाराष्ट्र के पश्चमिी घाट, दक्षणि भारत और देश के तटीय क्षेत्रों में पाई जाती है।
- चमकीले नीले धब्बों के साथ इसके मखमली और काले पंख होते हैं।

अत: वकिल्प D सही है।

प्रश्न. भारत के नम्निलखिति क्षेत्रों में से 'ग्रेट इंडयिन हॉर्नबलि' के अपने प्राकृतकि आवास में पाए जाने की सबसे अधकि संभावना कहाँ है? (2016)

(a) उत्तर-पश्चमिी भारत के रेतीले मरूस्थल
(b) जम्मू-कश्मीर के उच्चतर हमिालय क्षेत्र
(c) पश्चमिी गुजरात के लवण कच्छ क्षेत्र
(d) पश्चमिी घाट

उत्तर: D

व्याख्या:

- द ग्रेट इंडयिन हॉर्नबलि आकर में बड़ा, प्रवासी पक्षी है जो उष्णकटबिंधीय जंगलों में ऊँचे लंबे पेड़ों पर रहना पसंद करते हैं।
- भारत में हॉर्नबलि की नौ प्रजातयिाँ हैं, जनिमें से चार पश्चमिी घाटों में पाई जाती हैं- द इंडयिन ग्रे हॉर्नबलि (भारत के लयिे स्थानकि), मालाबार ग्रे हॉर्नबलि (पश्चमिी घाट के लयिे स्थानकि), मालाबार पाइड हॉर्नबलि (भारत और श्रीलंका के लयिे स्थानकि) और लुप्तप्राय ग्रेट इंडयिन हॉर्नबलि।
- नारकोंडम हॉर्नबलि, जो केवल अंडमान सागर में नारकोंडम द्वीप पर पाया जाता है, यह भारत में पाया जाने वाला एक अन्य हॉर्नबलि है।**अतः वकिल्प (d) सही उत्तर है।**

स्रोत: द हदिू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/new-butterfly-species-discovered-in-kerala